**R/P/P/2025/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

252806409

**SET A**

विषय-समाजशास्त्र
**Subject-SOCIOLOGY**
द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक)
**Paper II (Optional)**
विषय कोड-28
**Subject-Code-28**

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 32 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु — अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं । प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है । उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें ।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 1-50) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 51-150) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है । परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों । अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें ।
5. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
6. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।
11. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. **This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.**
2. **Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.**
3. **In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.**

| | | |
|---|---|---|
| Paper I | General paper | (Q. No. 1-50) |
| Paper II | Question paper on the Subject opted by the examinee | (Q. No. 51-150) |

4. **No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.**
5. **Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.**
6. **Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).**
7. **If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.**
8. **Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.**
9. **Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.**
10. **Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.**
11. **Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.**

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

51. Who was the author of the book 'The Protestant Ethic and The Spirit of Capitalism' ?

(A) G.S. Ghurye

(B) Max Weber

(C) Karl Marx

(D) Alfred Schutz

52. Who gave the concept of functional prerequisites ?

(A) Parsons (B) Malinowski

(C) MacIver (D) Durkheim

53. Which of the following, who has given functional explanation of social change in terms of three stages of cultural contact ?

(A) Parsons

(B) Malinowski

(C) Radcliffe Brown

(D) Durkheim

54. In which book Merton mentioned the concept of Anomie for the first time ?

(A) The Sociology of Science

(B) Sociological Ambivalance

(C) Social Theory and Social Structure

(D) The Focused Interview

51. 'द प्रोटेस्टेंट एथिक एंड द स्पिरिट ऑफ कैपिटालिज्म' पुस्तक के लेखक कौन थे ?

(A) जी.एस. घुर्ये

(B) मैक्स वेबर

(C) कार्ल मार्क्स

(D) अल्फ्रेड शुट्ज

52. प्रकार्यात्मक आवश्यकताओं की अवधारणा किसने दी है ?

(A) पारसन्स (B) मेलिनोवस्की

(C) मैकाइवर (D) दुर्खीम

53. निम्नलिखित में से किसने सामाजिक परिवर्तन की सांस्कृतिक सम्पर्क की तीन अवस्थाओं के रूप में प्रकार्यात्मक व्याख्या दी है ?

(A) पारसन्स

(B) मेलिनोवस्की

(C) रेडक्लिफ ब्राउन

(D) दुर्खीम

54. मर्टन ने पहली बार किस पुस्तक में विसंगति की अवधारणा का उल्लेख किया था ?

(A) द सोशियोलॉजी ऑफ साइन्स

(B) सोशियोलॉजिकल एम्बीवैलेन्स

(C) सोशल थ्योरी एण्ड सोशल स्ट्रक्चर

(D) द फोकस्ड इन्टरव्यू

mpcareer.in

55. To which country did Alfred Schutz belong ?

(A) England (B) Germany

(C) U.S.A. (D) Spain

56. Which of the following is Durkheim's sociological theory of religion is based on ?

(A) Difference between sacred and profane

(B) Concept of personality

(C) Concept of reference group

(D) None of the above

57. Merton has differentiated how many meanings of the term 'function' ?

(A) Three (B) Four

(C) Five (D) Six

55. अल्फ्रेड शुट्ज किस देश के निवासी थे ?

(A) इंग्लैण्ड (B) जर्मनी

(C) यू.एस.ए. (D) स्पेन

56. निम्नलिखित में से दुर्खीम के धर्म का समाजशास्त्रीय सिद्धांत किस पर आधारित है ?

(A) पवित्र और साधारण के बीच के अन्तर पर

(B) व्यक्तित्व की अवधारणा पर

(C) सन्दर्भ समूह की अवधारणा पर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. मर्टन ने 'प्रकार्य' शब्द का कितने अर्थों में भेद किया है ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) छः



mpcareer.in

58. Who among the following is known as the father of functionalism ?

(A) Herbert Spencer

(B) Merton

(C) Malinowski

(D) Radcliffe Brown

58. निम्नलिखित में से किसे प्रकार्यवाद का जनक माना जाता है ?

(A) हर्बर्ट स्पेन्सर

(B) मर्टन

(C) मेलिनोवस्की

(D) रेडक्लिफ ब्राउन

59. According to which scholar the basis of post-structuralism is 'power of knowledge' ?

(A) Bogard (B) Lyotard

(C) Foucault (D) Malinowski

59. किस विद्वान के अनुसार उत्तर-संरचनावाद का आधार 'ज्ञान की शक्ति' है ?

(A) बोगार्ड (B) लियोटार्ड

(C) फोकाल्ट (D) मेलिनोवस्की

60. Which ideology deals with the problems of post-modern society ?

(A) Modernism

(B) Post-modernism

(C) Structuralism

(D) Post-structuralism

60. कौनसी विचारधारा उत्तर-आधुनिक समाज की समस्याओं पर विचार करती है ?

(A) आधुनिकतावाद

(B) उत्तर-आधुनिकतावाद

(C) संरचनावाद

(D) उत्तर-संरचनावाद

61. What is Epistemology ?

(A) Study of everyday life

(B) Study of interview

(C) Study of sociology

(D) Study of knowledge

62. ................is the term often used to describe an alternative to positivist epistemology that has dominated the social issues. In this researcher grasps the subjective experience of social action.

(A) Interpretivism

(B) Realism

(C) Positivism

(D) Constructionism

63. When deductive and inductive reasoning are considered together then it is called :

(A) Sample (B) Theory

(C) Triangulation (D) Abductive

64. These are the building blocks of theory and the points around which social research is conducted :

(A) Concept (B) Fact

(C) Value (D) Hypothesis

61. ज्ञानमीमांसा क्या है ?

(A) दैनिक जीवन का अध्ययन

(B) साक्षात्कार का अध्ययन

(C) समाजशास्त्र का अध्ययन

(D) ज्ञान का अध्ययन

62. ....................वह शब्दावली है जिसका उपयोग प्रत्यक्षवादी ज्ञानमीमांसा का वर्णन करने के लिए वैकल्पिक रूप में किया जाता है, जो सामाजिक विज्ञान पर हावी है । इसमें शोधार्थी सामाजिक क्रिया के विषयपरक अनुभव को ग्रहण करता है ।

(A) व्याख्यावाद

(B) यथार्थवाद

(C) सकारात्मकता

(D) निर्माणवाद या रचनात्मकतावाद

63. निगमनात्मक और आगमनात्मक तर्क साथ में क्या कहलाते हैं ?

(A) नमूना (B) सिद्धांत

(C) त्रिभुजीकरण (D) अपहरणात्मक

64. ये सिद्धांत के निर्माण खण्ड हैं और ये वे बिन्दु हैं जिनके इर्द-गिर्द सामाजिक शोध को किया जाता है :

(A) अवधारणा (B) तथ्य

(C) मूल्य (D) परिकल्पना

65. It is informed speculation. According to 'Blaikie' and 'Priest' it is a tentative answers to 'why' and sometimes 'how' of research questions :

(A) Indicator

(B) Inductive Reasoning

(C) Hypothesis

(D) Population

66. Which are the two main forms of survey ?

(A) Interview and questionnaire

(B) Ethnography and micro-ethnography

(C) Focus group and observation

(D) Descriptive and exploratory

67. Which of the following is *not* a characteristic of qualitative research ?

(A) Qualitative research is based on purposive sampling.

(B) Qualitative research is particularistic.

(C) Verbal data is collected in qualitative research.

(D) Inquiry in qualitative research is process-oriented.

65. यह एक सूचित अनुमान है । 'ब्लाईकी' और 'प्रीस्ट' के अनुसार, यह अनुमानतः उन प्रश्नों के उत्तर देता है जो शोध के प्रश्नों जैसे– 'क्यों'? और 'कैसे' ? से जुड़े होते हैं :

(A) सूचक

(B) आगमनात्मक तर्क

(C) परिकल्पना

(D) जनसंख्या

66. सर्वेक्षण के मुख्य दो रूप कौनसे हैं ?

(A) साक्षात्कार और प्रश्नावली

(B) नृवंशविज्ञान और सूक्ष्म नृवंशविज्ञान

(C) केन्द्रित समूह और अवलोकन

(D) वर्णनात्मक और खोजपूर्ण

67. निम्नलिखित में से कौनसी गुणात्मक शोध की विशेषता नहीं है ?

(A) गुणात्मक शोध उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पर आधारित होता है ।

(B) गुणात्मक शोध की प्रकृति विशिष्ट है ।

(C) गुणात्मक शोध में मौखिक विधि से तथ्य संकलन होता है ।

(D) गुणात्मक शोध में जाँच प्रक्रिया-उन्मुख होती है ।

68. Which of the following is *not* a type of variable ?

(A) Nominal

(B) Ordinal

(C) Interval

(D) Whole numbers

69. What does 'ANOVA' stand for ?

(A) Analysis of Velocity

(B) Analysis of Variable

(C) Analysis of Variance

(D) Analysis of Viscosity

70. Which of the following methods is used for data collection in case study method of research ?

(A) Interview method

(B) Observation method

(C) Focus group discussion method

(D) All of the above

68. निम्नलिखित में से कौनसा चर का एक प्रकार नहीं है ?

(A) नाममात्र

(B) क्रमवाचक

(C) अंतराल

(D) पूर्ण संख्याएँ

69. प्रसरण विश्लेषण (एनोवा) का क्या तात्पर्य है ?

(A) एनालिसिस ऑफ वेलोसिटी

(B) एनालिसिस ऑफ वैरिएबल

(C) एनालिसिस ऑफ वैरिएंस

(D) एनालिसिस ऑफ विस्कोसिटी

70. शोध की वैयक्तिक अध्ययन विधि में निम्नलिखित में से किन तरीकों का उपयोग तथ्य संकलन हेतु किया जाता है ?

(A) साक्षात्कार विधि का

(B) अवलोकन विधि का

(C) समूह केंद्रित चर्चा विधि का

(D) उपर्युक्त सभी



mpcareer.in

71. Which among the following are included by Pierre Bourdieu in his concept of 'Cultural Capital' ?

(A) Economic Resources

(B) Social Networks

(C) Knowledge, Skill and Education

(D) Political Power

72. Who has introduced the word "Superorganic" into the literature of Sociology ?

(A) Morgan

(B) Malinowski

(C) Herbert Spencer

(D) Tylor

73. In the concept of the 'Iron Cage' Max Weber explored that individuals in modern societies are trapped by :

(A) Their social class

(B) Their cultural traditions

(C) Bureaucratic rules and rationalization process

(D) Their personal beliefs

71. पियरे बॉर्डियू द्वारा अपनी 'सांस्कृतिक पूँजी' की अवधारणा में निम्नांकित में से क्या सम्मिलित किया गया है ?

(A) आर्थिक संसाधन

(B) सामाजिक नेटवर्क

(C) ज्ञान, कौशल एवं शिक्षा

(D) राजनैतिक शक्ति

72. किसने "सुपरऑर्गेनिक" शब्द को समाजशास्त्रीय साहित्य से परिचित कराया ?

(A) मॉर्गन

(B) मेलिनोवस्की

(C) हर्बर्ट स्पेन्सर

(D) टायलर

73. मैक्स वेबर ने, 'सामाजिक पिंजरे' की अवधारणा में स्पष्ट किया है कि आधुनिक समाजों में व्यक्ति निम्नांकित में फँसे हुए हैं :

(A) अपने सामाजिक वर्ग में

(B) अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं में

(C) नौकरशाही के नियमों और युक्तिकरण की प्रक्रियाओं में

(D) अपनी व्यक्तिगत मान्यताओं में

74. Who among the following conceptualized the term 'Master Status' in Sociology ?

(A) Emile Durkheim

(B) Talcott Parsons

(C) Everett Hughes

(D) S.F. Nadel

74. समाजशास्त्र में, निम्नांकित में से किसने 'मुख्य प्रस्थिति' पद की अवधारणा प्रतिपादित की ?

(A) इमाइल दुर्खीम

(B) टॉलकॉट पारसंस

(C) एवरेट ह्यूजेस

(D) एस.एफ. नाडेल

75. Who gave the terminologies of kinship, in sociology ?

(A) Morgan

(B) J.B. Hutton

(C) W.H.R. Rivers

(D) T.N. Madan

75. समाजशास्त्र में नातेदारी की संज्ञाएँ किसने दी हैं ?

(A) मॉर्गन

(B) जे.बी. हट्टन

(C) डब्ल्यू.एच.आर. रिवर्स

(D) टी.एन. मदान

76. In which book Emile Durkheim evolved his arguments on religion and coined the term 'Totemism' ?

(A) The Elementary Forms of Religious Life

(B) Division of Labour in Society

(C) Le Suicide

(D) None of the above

76. किस पुस्तक में इमाइल दुर्खीम ने अपने धर्म संबंधी तर्कों को विस्तारित किया एवं 'टोटमवाद' शब्द प्रतिपादित किया ?

(A) द एलीमेंट्री फॉर्म्स ऑफ रिलीजियस लाइफ

(B) डिवीजन ऑफ लेबर इन सोसायटी

(C) ली सुसाइड

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. For the socio-cultural analysis of peasant society, couple concepts–Little Tradition and Great Tradition were propounded by :

(A) Milton Singer

(B) Norman Brown

(C) McKim Marriott

(D) Robert Redfield

77. कृषक समाज़ के सामाजिक-सांस्कृतिक विश्लेषण के लिए लघु परम्परा एवं वृहद परम्परा की अवधारणा का प्रतिपादन किसने किया है ?

(A) मिल्टन सिंगर

(B) नॉर्मन ब्राउन

(C) मैकिम मैरियट

(D) रॉबर्ट रेडफील्ड

78. To describe the patterns of social stratification, who among the following studied–'Kibbutzim system' of Israel ?

(A) Michael Young

(B) Kingsley Davis

(C) Eva Rosenfield

(D) M.M. Tumin

78. सामाजिक संस्तरण के प्रतिमानों का वर्णन करने के लिए, निम्नांकित में से किसने, इजराइल की 'किबुत्जिम प्रणाली' का अध्ययन किया था ?

(A) माइकल यंग

(B) किंग्सले डेविस

(C) ईवा रोसेनफील्ड

(D) एम.एम. ट्यूमिन

79. For the Great Community and Little Community, which terms were used by the Tonnies ?

(A) All communities

(B) Local communities

(C) Gesellschaft and Gemeinschaft

(D) None of the above

79. टॉनीस ने वृहद समुदाय एवं लघु समुदाय के लिए किन पदों का उपयोग किया है ?

(A) सभी समुदाय

(B) स्थानीय समुदाय

(C) जेसेलशेफ्ट एवं जेमनशेफ्ट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. Which *three* components are included, in Max Weber's theory of social stratification ?

(A) Wealth, power and prestige

(B) Class, status and party

(C) Income, education and occupation

(D) Caste, tribe and race

80. मैक्स वेबर के सामाजिक संस्तरण के सिद्धांत में कौनसे तीन घटक सम्मिलित हैं ?

(A) धन, शक्ति एवं प्रतिष्ठा

(B) वर्ग, प्रस्थिति एवं पार्टी

(C) आय, शिक्षा एवं व्यवसाय

(D) जाति, जनजाति एवं प्रजाति

81. 'Ghotul' is youth club of which tribe ?

(A) Gond (B) Bhil

(C) Korku (D) Sahariya

82. Who defined, "When a class is a somewhat strictly hereditary we may call it a caste" ?

(A) S.V. Ketkar

(B) Majumdar and Madan

(C) N.K. Datta

(D) C.H. Cooley

83. In which year in Madhya Pradesh, Organic Farming Policy declared and implemented ?

(A) 2010 (B) 2011

(C) 2015 (D) 2017

84. What is the percentage increase in Export of Indian agricultural and processed food products in fiscal year 2022-23 in comparison to last year 2021-22 ?

(A) 35 percent (B) 22 percent

(C) 25 percent (D) 32 percent

81. 'घोटुल' किस जनजाति का युवागृह है ?

(A) गोण्ड (B) भील

(C) कोरकू (D) सहरिया

82. किसने परिभाषित किया, "जब एक वर्ग पूर्णतया वंशानुक्रमण पर आधारित होता है, तब उसे हम जाति कहते हैं ।"

(A) एस.वी. केतकर

(B) मजूमदार एवं मदान

(C) एन.के. दत्ता

(D) सी.एच. कूले

83. मध्य प्रदेश में जैविक कृषि नीति किस वर्ष में घोषित एवं लागू की गई ?

(A) 2010 (B) 2011

(C) 2015 (D) 2017

84. भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ उत्पादों के निर्यात में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विगत वर्ष 2021-22 की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(A) 35 प्रतिशत (B) 22 प्रतिशत

(C) 25 प्रतिशत (D) 32 प्रतिशत

mpcareer.in

85. Who was the Founder of Bharatiya Kisan Union ?

(A) Chaudhary Charan Singh

(B) Rakesh Singh Tikait

(C) Mahendra Singh Tikait

(D) None of the above

86. As per classification of city by Mumford which of the following stages show negative trend for city ?

(A) Eopolis (B) Polis

(C) Metropolis (D) Nekropolis

87. By which name is slum mentioned in Chennai ?

(A) Cherries (B) Ahata

(C) Chaal (D) Bustee

88. The place we call 'Ethnic Enclave' belongs to :

(A) People of same origin

(B) Same culture

(C) Same ethnicity

(D) All of the above

85. भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक कौन थे ?

(A) चौधरी चरण सिंह

(B) राकेश सिंह टिकैत

(C) महेन्द्र सिंह टिकैत

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. ममफोर्ड के द्वारा नगरों के वर्गीकरण में कौनसा स्तर नगर की नकारात्मकता की स्थिति को दर्शाता है ?

(A) ईओपोलिस (B) पोलिस

(C) मेट्रोपोलिस (D) नेक्रोपोलिस

87. गंदी बस्ती को चेन्नई में किस नाम से उल्लेखित किया जाता है ?

(A) चेरी (B) अहाता

(C) चाल (D) बस्ती

88. 'संजातीय परिक्षेत्र' हम उन स्थानों को कहते हैं, जिसमें :

(A) जिनका मूल उद्गम समान हो

(B) जिनकी संस्कृति समान हो

(C) जिनकी संजातीयता समान हो

(D) उपर्युक्त सभी

89. What is not a feature of Gated Community ?

(A) Restricted entry

(B) Employment

(C) Closed residential area

(D) Gatekeeper

90. As per Ease of Living Index 2020, which city of India tops the table ?

(A) Mumbai (B) Bengaluru

(C) Pune (D) New Delhi

91. In which decade Dalit Movement as a conscious, organised force in the social and political life of Bombay Presidency, Nagpur and Madras Presidency emerged ?

(A) 1920 (B) 1930

(C) 1910 (D) 1940

92. From the following which is *not* the feature of Indian state ?

(A) A participatory parliamentary democracy

(B) A welfare state

(C) A dependent national democracy

(D) A socialist, secular democratic republic

89. कौनसा गेटेड कम्युनिटी का लक्षण नहीं है ?

(A) प्रतिबंधित क्षेत्र

(B) रोजगार

(C) बंद आवासीय परिसर

(D) द्वारपाल

90. भारत में ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स 2020 के अनुसार कौनसा शहर सारणी में सबसे ऊपर है ?

(A) मुम्बई (B) बेंगलुरु

(C) पुणे (D) नई दिल्ली

91. किस दशक में बम्बई प्रेसीडेन्सी, नागपुर एवं मद्रास प्रेसीडेन्सी के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में दलित आन्दोलन एक चेतनशील, संगठित शक्ति के रूप में उत्पन्न हुआ ?

(A) 1920 (B) 1930

(C) 1910 (D) 1940

92. निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता भारतीय राज्य की नहीं है ?

(A) एक सहभागी संसदीय लोकतंत्र

(B) एक कल्याणकारी राज्य

(C) एक निर्भर राष्ट्रीय लोकतंत्र

(D) एक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणतंत्र

93. From the following which argument *does not* express the concept of power from the feminists' point of view ?

(A) Relations between men and women are shaped by relation of power.

(B) Definitions of power that focus on interests must consider gendered nature of those interests.

(C) Throughout history women have not been denied social and political power however it is defined differently.

(D) It is the exclusion and oppression of women that motivates feminists to consider power in context of emancipation.

94. Who is the author of the book 'A Grammar of Politics' ?

(A) Harold J. Laski

(B) L.T. Hobhouse

(C) L.S. Woolf

(D) Bertrand Russell

93. निम्नलिखित में से कौनसा तर्क नारीवादियों द्वारा व्यक्त शक्ति की अवधारणा को अभिव्यक्त **नहीं** करता है ?

(A) पुरुष एवं स्त्री के संबंध शक्ति के संबंधों के आधार पर स्वरूप ग्रहण करते हैं ।

(B) हितों पर केन्द्रित शक्ति की परिभाषाओं को उन हितों की लैंगिक प्रकृति पर केन्द्रित होना चाहिए ।

(C) सम्पूर्ण इतिहास में महिलाओं को सामाजिक एवं राजनीतिक शक्ति की दृष्टि से वंचित नहीं किया गया है । हालांकि इसे इस रूप में परिभाषित नहीं किया गया है ।

(D) बहिष्करण एवं दमन, जो कि महिलाओं का होता है, ने नारीवादियों की शक्ति को मुक्ति के रूप में स्वीकारने को प्रोत्साहित किया ।

94. 'ए ग्रामर ऑफ पॉलिटिक्स' के लेखक कौन हैं ?

(A) हैरॉल्ड जे. लास्की

(B) एल.टी. हॉबहाउस

(C) एल.एस. वॉल्फ

(D) बर्ट्रेन्ड रसेल

95. Out of the following books which is *not* authored by Noam Chomsky ?

(A) Power and Prospects

(B) Failed States

(C) Necessary Illusions

(D) An Anti-Capitalist Manifesto

96. From the following scholars who has given the concept of 'Imagined Communities' ?

(A) Benedict Anderson

(B) Marc Bloch

(C) Earnest Gellner

(D) Eric Hobsbawm

97. From the following which type of authority is *not* a part of Max Weber's ideas ?

(A) Rational-legal authority

(B) Value-legal authority

(C) Traditional authority

(D) Charismatic authority

95. निम्नलिखित पुस्तकों में से किसके लेखक नॉम चोम्स्की नहीं हैं ?

(A) पावर एण्ड प्रोस्पेक्ट्स

(B) फेल्ड स्टेट्स

(C) नेसेसरी इल्युजन्स

(D) एन एण्टी-कैपिटलिस्ट मैनिफैस्टो

96. निम्नलिखित में से किस विद्वान ने 'इमेजिण्ड कम्युनिटीज' की अवधारणा प्रस्तुत की है ?

(A) बैनेडिक्ट एण्डरसन

(B) मार्क ब्लाख

(C) अर्नेस्ट गैलनर

(D) एरिक हॉब्सबाम

97. निम्नलिखित में से सत्ता का कौनसा प्रकार मैक्स वेबर के विचारों का भाग नहीं है ?

(A) तार्किक-वैधानिक (कानूनी) सत्ता

(B) मूल्य-वैधानिक सत्ता

(C) परम्परागत सत्ता

(D) चमत्कारिक सत्ता

98. Out of the following which set of scholars has given the concepts of 'Command Polity' and 'Demand Polity' in analysis of Indian Politics ?

(A) L. Pye and Sidney Verba

(B) H. Gerth and C.W. Mills

(C) F. Frankil and M.S.A. Rao

(D) L. Rudolph and S.H. Rudolph

98. निम्नलिखित में से किस विचारक युग्म ने भारतीय राजनीति के विश्लेषण में 'कमाण्ड पॉलिटी' एवं 'डिमाण्ड पॉलिटी' की अवधारणाओं को दिया है ?

(A) एल. पाई एवं सिडनी वर्बा

(B) एच. गर्थ एवं सी.डब्ल्यू. मिल्स

(C) एफ. फ्रैंकिल एवं एम.एस.ए. राव

(D) एल. रुडोल्फ एवं एस.एच. रुडोल्फ

99. From the following organizations which defines Political corruption as manipulation of policies and rules of procedure in the allocation of resources and financing by political decision makers who abuse their position to sustain their power, status and wealth ?

(A) Transparency International

(B) United Nations Organization

(C) International Court of Justice

(D) Supreme Court of India

99. संसाधनों के आबंटन में नीतियों तथा प्रणाली से जुड़े नियमों में हेराफेरी तथा राजनीतिक निर्णय निर्धारकों द्वारा धन के निवेश जिन्होंने अपनी शक्ति, प्रतिष्ठा तथा धनाढ्यता को बनाये रखने हेतु पद का दुरुपयोग किया है, को निम्नलिखित में से किस संगठन ने राजनीतिक भ्रष्टाचार की संज्ञा दी है ?

(A) ट्रान्सपेरेन्सी इन्टरनेशनल

(B) यूनाइटेड नेशन्स ऑर्गनाइजेशन

(C) इन्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस

(D) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

100. From the following which is *not* the feature of E.H. Carr's concept of nation ?

(A) The idea of a common government

(B) A more or less defined territory

(C) Absence of common interest amongst members

(D) A certain size and closeness of contact between all its individual members

100. निम्नलिखित में से कौनसी ई.एच. कार की राष्ट्र की अवधारणा की विशेषता नहीं है ?

(A) एक सामान्य सरकार का विचार

(B) एक कमोबेश परिभाषित भू-भाग

(C) सदस्यों के मध्य सामान्य हित की अनुपस्थिति

(D) समस्त सदस्यों के बीच सम्पर्कों का निश्चित आकार एवं निकटता

101. When was first Industrial Policy announced in India ?

(A) 6th April, 1948

(B) 8th April, 1950

(C) 15th April, 1955

(D) 20th April, 1951

102. Who propounded the concept of socialist economy ?

(A) Karl Marx and Friedrich Engels

(B) Peter Drucker

(C) Adam Smith

(D) J.M. Keynes

103. After the great depression of 1929, who suggested a new economic system to replace capitalism ?

(A) John Maynard Keynes

(B) Alfred Marshall

(C) David Ricardo

(D) Adam Smith

101. भारत में पहली औद्योगिक नीति कब घोषित की गई थी ?

(A) 6 अप्रैल, 1948

(B) 8 अप्रैल, 1950

(C) 15 अप्रैल, 1955

(D) 20 अप्रैल, 1951

102. समाजवादी अर्थव्यवस्था के व्यवस्थापक कौन थे ?

(A) कार्ल मार्क्स एवं फ्रेड्रिक एंजेल

(B) पीटर ड्रकर

(C) एडम स्मिथ

(D) जे.एम. कीन्स

103. 1929 की महामंदी के बाद किसने पूँजीवाद को बदलने के लिए एक नई आर्थिक प्रणाली की सिफारिश की थी ?

(A) जॉन मेनार्ड कीन्स

(B) अल्फ्रेड मार्शल

(C) डेविड रिकार्डो

(D) एडम स्मिथ



mpcareer.in

**104.** According to whom "Business means to create customers and to expand market share" ?

(A) Karl Marx

(B) Max Weber

(C) Peter F. Drucker

(D) Henri Fayol

**105.** The New Colonial Dependency Model was an indirect outgrowth thinking of :

(A) Socialist (B) Marxist

(C) Economist (D) Industrialist

**106.** Whitley Commission submitted its report in the year :

(A) 1931 (B) 1929

(C) 1942 (D) 1948

**107.** Under whose chairmanship First National Commission on Labour was set up in India after independence ?

(A) Dr. B.R. Ambedkar

(B) Dr. P.B. Gajendragadkar

(C) Dr. Manmohan Singh

(D) Ravindra Verma

**104.** किसके अनुसार ''व्यापार का मतलब ग्राहकों को बनाना और बाजार की हिस्सेदारी को बढ़ाना है'' ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) मैक्स वेबर

(C) पीटर एफ. ड्रकर

(D) हेनरी फेयोल

**105.** न्यू कोलोनियल आश्रितता मॉडल निम्नलिखित में से किसका अप्रत्यक्ष उत्तर उत्पाद था ?

(A) समाजवादी (B) मार्क्सवादी

(C) अर्थवादी (D) उद्योगवादी

**106.** व्हाइटली आयोग ने अपनी रिपोर्ट किस वर्ष प्रस्तुत की थी ?

(A) 1931 (B) 1929

(C) 1942 (D) 1948

**107.** स्वतंत्रता के बाद भारत में पहला राष्ट्रीय श्रम आयोग किसकी अध्यक्षता में स्थापित किया गया था ?

(A) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(B) डॉ. पी.बी. गजेन्द्रगड़कर

(C) डॉ. मनमोहन सिंह

(D) रवीन्द्र वर्मा

108. According to Harrod Domar model of economic growth, which of the following is a significant factor for economic growth ?

(A) Labour force expansion

(B) Technological innovation

(C) Investment in capital

(D) Government intervention

109. Who is considered the father of Scientific Management which revolutionized factory and industry system in the early 20th century ?

(A) Henry Ford (B) F.W. Taylor

(C) Max Weber (D) Elton Mayo

110. In the context of family businesses what does 'Three Circle Model' represent ?

(A) The three stages of business development.

(B) The three types of family business structure.

(C) The interaction among family, business and ownership.

(D) The three generations of family business ownership.

108. हेरोड डोमर के आर्थिक विकास मॉडल के अनुसार आर्थिक विकास के लिए निम्नलिखित में से कौनसा कारक महत्त्वपूर्ण है ?

(A) श्रम शक्ति का विस्तार

(B) तकनीकी नवाचार

(C) पूँजी में निवेश

(D) सरकारी हस्तक्षेप

109. वैज्ञानिक प्रबन्धन का जनक किसे माना जाता है, जिसने 20वीं सदी की शुरुआत में फैक्ट्री और उद्योग प्रणालियों में क्रांति ला दी थी ?

(A) हेनरी फोर्ड (B) एफ.डब्ल्यू. टेलर

(C) मैक्स वेबर (D) एल्टन मेयो

110. पारिवारिक व्यवसायों के संदर्भ में 'थ्री सर्किल मॉडल' क्या दर्शाता है ?

(A) व्यवसाय विकास के तीन चरण

(B) पारिवारिक व्यवसाय संरचना के तीन प्रकार

(C) परिवार, व्यवसाय और स्वामित्व के बीच अन्त:क्रिया

(D) पारिवारिक व्यवसाय स्वामित्व की तीन पीढ़ियाँ

111. Who is the author of the book 'The Politics of Climate Change' ?

(A) Pierre Bourdieu

(B) Riley E. Dunlap

(C) Frederick H. Buttel

(D) Anthony Giddens

112. Who amongst the following is *not* associated with Ecofeminism ?

(A) Jane Addams

(B) Vandana Shiva

(C) Maria Mies

(D) Ynestra King

113. Which of these pollutants is majorly responsible for the hole in ozone layer ?

(A) $SO_2$ (B) $NO_2$

(C) CFC (D) $CO_2$

114. In which year was the 'Forest Conservation Act' passed ?

(A) 1972 (B) 1974

(C) 1980 (D) 1986

111. 'द पॉलिटिक्स ऑफ क्लाइमेट चेंज' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) पियर बॉर्डियू

(B) रीले ई. डनलप

(C) फ्रेडरिक एच. बटल

(D) एंथोनी गिडेन्स

112. निम्नलिखित में से कौन पारिस्थितिकी नारीवाद (इकोफेमिनिज्म) से **नहीं** जुड़ा है ?

(A) जेन एडम्स

(B) वन्दना शिवा

(C) मारिया मिइस

(D) यनेस्ट्रा किंग

113. ओजोन परत में छिद्र के लिए निम्नलिखित में से कौनसा प्रदूषक मुख्यत: उत्तरदायी है ?

(A) $SO_2$ (B) $NO_2$

(C) CFC (D) $CO_2$

114. 'वन संरक्षण अधिनियम' किस वर्ष में पारित हुआ ?

(A) 1972 (B) 1974

(C) 1980 (D) 1986

115. The Bandhavgarh National Park is situated in which district of Madhya Pradesh ?

(A) Shivpuri (B) Chhindwara

(C) Balaghat (D) Umaria

116. The statement "Culture is the man-made part of the environment" is given by :

(A) Tylor

(B) Herskovitz

(C) Ogburn and Nimkoff

(D) Malinowski

117. Morse Commission is related to :

(A) Tehri Dam Project

(B) Gandhi Sagar Dam Project

(C) Sardar Sarovar Dam Project

(D) Hirakud Dam Project

118. Who first studied the term 'Development' in sociology ?

(A) L.T. Hobhouse

(B) Adam Smith

(C) Erik Erikson

(D) J. Schumpeter

115. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

(A) शिवपुरी (B) छिन्दवाड़ा

(C) बालाघाट (D) उमरिया

116. ''संस्कृति पर्यावरण का मानवनिर्मित भाग है।'' यह कथन..................ने दिया है ।

(A) टायलर

(B) हर्सकोविट्स

(C) ऑगबर्न और निमकॉफ

(D) मैलिनोवस्की

117. 'मोर्स आयोग' किससे संबंधित है ?

(A) टेहरी बाँध परियोजना

(B) गांधी सागर बाँध परियोजना

(C) सरदार सरोवर बाँध परियोजना

(D) हीराकुड बाँध परियोजना

118. समाजशास्त्र में 'विकास' का अध्ययन सर्वप्रथम किसने किया ?

(A) एल.टी. हॉबहाउस

(B) एडम स्मिथ

(C) एरिक ऐरिक्सन

(D) जे. शुम्पीटर

119. Match the authors in List I with their books in List II :

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| (a) | Vandana Shiva | (1) | In the Belly of River : Tribal Conflicts Over Development in the Narmada Valley |
| (b) | Bina Agarwal | (2) | Staying Alive : Women, Ecology and Survival in India |
| (c) | Ramchandra Guha | (3) | Gender and Green Governance : The Political economy of women's presence within and beyond community forestry |
| (d) | Amita Baviskar | (4) | Social Ecology |

Select the *correct* option :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

119. सूची I में दिए गए लेखकों का सूची II में दी गई उनकी पुस्तकों के नामों से मिलान कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| (a) | वन्दना शिवा | (1) | इन द बेली ऑफ रिवर : ट्राइबल कॉनफ्लिक्ट्स ओवर डेवलपमेंट इन द नर्मदा वैली |
| (b) | बीना अग्रवाल | (2) | स्टेइंग अलाइव : वुमेन, इकोलॉजी एण्ड सर्वाइवल इन इण्डिया |
| (c) | रामचन्द्र गुहा | (3) | जेण्डर एण्ड ग्रीन गवर्नेन्स : द पॉलिटिकल इकोनॉमी ऑफ वुमन्स प्रेजेन्स विदिन एण्ड बियॉन्ड कम्युनिटी फोरेस्टरी |
| (d) | अमिता बाविस्कर | (4) | सोशल इकोलॉजी |

सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

120. Arrange the following environmental conventions in chronological order :

(1) First World Climate Summit (Geneva)

(2) Global Warming Summit (Kyoto Protocol)

(3) First Earth Summit (Rio-de-Janeiro)

(4) Ozone Layer Protection Summit (Vienna)

Select the *correct* option :

(A) (1), (4), (3), (2)

(B) (1), (3), (2), (4)

(C) (4), (1), (2), (3)

(D) (3), (2), (1), (4)

121. "Family is an universalistic institution." Who gave this statement ?

(A) G.P. Murdock

(B) Keithleen Gough

(C) A.R. Radcliffe Brown

(D) E. Westermark

120. निम्नलिखित पर्यावरणीय सम्मेलनों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(1) प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन (जिनेवा)

(2) ग्लोबल वार्मिंग हेतु सम्मेलन (क्योटो प्रोटोकॉल)

(3) प्रथम पृथ्वी सम्मेलन (रियो-डी-जेनेरो)

(4) ओजोन परत संरक्षण हेतु सम्मेलन (वियना)

सही विकल्प चुनिए :

(A) (1), (4), (3), (2)

(B) (1), (3), (2), (4)

(C) (4), (1), (2), (3)

(D) (3), (2), (1), (4)

121. "परिवार एक सार्वभौमिक संस्था है ।" यह कथन किसका है ?

(A) जी.पी. मरडॉक

(B) कैथलीन गफ

(C) ए.आर. रेडक्लिफ ब्राउन

(D) ई. वेस्टरमार्क

122. When did Protection of Women from Domestic Violence Act came into force in India ?

(A) 26 October, 2005

(B) 26 October, 2006

(C) 15 August, 2006

(D) None of the above

123. Which of the following factors is responsible for change in the family system ?

(A) Industrialization

(B) Urbanisation

(C) Effects of Laws

(D) All of the above

124. Under which Act the rules of Dayabhaga and Mitakshara related to succession in Hindu families have been abolished ?

(A) The Hindu Marriage Act, 1955

(B) The Dowry Prohibition Act, 1961

(C) The Hindu Succession Act, 1956

(D) None of the above

122. भारत में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ ?

(A) 26 अक्टूबर, 2005

(B) 26 अक्टूबर, 2006

(C) 15 अगस्त, 2006

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

123. निम्नलिखित में से कौनसा कारक परिवार व्यवस्था में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी है ?

(A) औद्योगीकरण

(B) नगरीकरण

(C) कानूनों का प्रभाव

(D) उपर्युक्त सभी

124. किस अधिनियम के तहत हिन्दू परिवारों में उत्तराधिकार से संबंधित दायभाग और मिताक्षरा के नियमों को समाप्त कर दिया गया ?

(A) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

(B) दहेज निरोधक अधिनियम, 1961

(C) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



mpcareer.in

125. Who among the following is the author of the book 'The History of Human Marriage' ?

(A) E. Westermark

(B) J. Steward

(C) I.M. Levis

(D) B. Malinowski

125. निम्नलिखित में से कौन 'द हिस्ट्री ऑफ ह्यूमन मैरिज' नामक पुस्तक का लेखक है ?

(A) ई. वेस्टरमार्क

(B) जे. स्टीवर्ड

(C) आई.एम. लेविस

(D) बी. मैलिनोवस्की

126. In which year the First Amendment was made in The Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act, 2012 :

(A) 2016

(B) 2019

(C) 2014

(D) 2020

126. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 में पहला संशोधन किस वर्ष किया गया ?

(A) 2016

(B) 2019

(C) 2014

(D) 2020

127. In the 'Khasi' tribe, who gets the property acquired by an unmarried woman after her death ?

(A) Brother or Father

(B) Sister or Mother

(C) Only Father

(D) All are incorrect

127. 'खासी' जनजाति में अविवाहित महिला की मृत्यु के बाद उसके द्वारा अर्जित सम्पत्ति किसे मिलती है ?

(A) भाई अथवा पिता

(B) बहन अथवा माँ

(C) सिर्फ पिता

(D) सभी गलत

128. In which century was the word 'matriarchy' first used ?

(A) 15th century (B) 17th century

(C) 18th century (D) 19th century

129. Who among the following scholars is the author of the book 'Kinship and Marriage' ?

(A) MacIver and Page

(B) Robin Fox

(C) P.H. Prabhu

(D) S.C. Dube

130. Which scholar has considered 'structural-functional approach' as a real sociological approach ?

(A) Kingsley Davis

(B) D.N. Majumdar

(C) M.N. Srinivas

(D) Sir Henry Maine

128. किस शताब्दी में 'मातृसत्ता' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग हुआ ?

(A) 15वीं शताब्दी (B) 17वीं शताब्दी

(C) 18वीं शताब्दी (D) 19वीं शताब्दी

129. निम्नलिखित विद्वानों में से 'नातेदारी एवं विवाह' नामक पुस्तक का लेखक कौन है ?

(A) मैकाइवर एवं पेज

(B) रॉबिन फॉक्स

(C) पी.एच. प्रभु

(D) एस.सी. दुबे

130. किस विद्वान ने 'संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम' को वास्तविक समाजशास्त्रीय उपागम माना है ?

(A) किंग्सले डेविस

(B) डी.एन. मजूमदार

(C) एम.एन. श्रीनिवास

(D) सर हेनरी मेन

mpcareer.in

131. Unlawful access to someone's computer system is known as :

(A) Theft

(B) Cyber deception

(C) Cyber violence

(D) Cyber trespass

132. Who has been called the First Citizen of the Internet ?

(A) Tom Peter

(B) Paul Mockapetris

(C) Jon Postel

(D) Howard Rheingold

133. In which year was the 'Information Technology Act' enacted ?

(A) 2006 (B) 1990

(C) 2020 (D) 2000

131. किसी के कम्प्यूटर सिस्टम तक अवैध पहुँच बनाने को किस रूप में जाना जाता है ?

(A) चोरी

(B) साइबर धोखा

(C) साइबर हिंसा

(D) साइबर अतिचार

132. किसे इंटरनेट का पहला नागरिक कहा गया है ?

(A) टॉम पीटर

(B) पॉल मॉकापेट्रिस

(C) जॉन पोस्टेल

(D) हावर्ड रेनगोल्ड

133. 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम' किस वर्ष लागू किया गया था ?

(A) 2006 (B) 1990

(C) 2020 (D) 2000

mpcareer.in

134. Which state in India started e-Governance by the name 'AKSHAYA' ?

(A) Punjab

(B) Kerala

(C) Gujarat

(D) Maharashtra

134. भारत के किस राज्य ने 'अक्षय' नाम से ई-गवर्नेंस शुरू किया ?

(A) पंजाब

(B) केरल

(C) गुजरात

(D) महाराष्ट्र

135. The term 'digital divide' refers to :

(A) The divide between different political parties

(B) The divide between different generations

(C) The gap between those who have access to technology and those who do not have

(D) A disagreement between two groups

135. 'डिजिटल डिवाइड' शब्द का तात्पर्य है :

(A) विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच विभाजन

(B) विभिन्न पीढ़ियों के बीच विभाजन

(C) जिन लोगों के पास प्रौद्योगिकी तक पहुँच है और जिनके पास नहीं है, उनके बीच का अन्तर

(D) दो समूहों के बीच असहमति

136. Who introduced the concept of Time-Space Compression ?

(A) David Harvey

(B) Karl Marx

(C) Emile Durkheim

(D) Howard Rheingold

136. समय-स्थान संपीड़न की अवधारणा किसने प्रस्तुत की ?

(A) डेविड हार्वे

(B) कार्ल मार्क्स

(C) इमाइल दुर्खीम

(D) हॉवर्ड रेनगोल्ड

137. In which year was the 'National e-Governance' plan formulated ?

(A) 2003 (B) 2000

(C) 2006 (D) 1987

137. 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस' योजना किस वर्ष बनाई गई थी ?

(A) 2003 (B) 2000

(C) 2006 (D) 1987

138. In 'APRANET', 'P' stands for :

(A) Programming (B) Power

(C) Pattern (D) Projects

138. 'APRANET' में 'P' का अर्थ है :

(A) प्रोग्रामिंग (B) पावर

(C) पैटर्न (D) प्रोजेक्ट्स

139. Damaging or destroying data rather than stealing or misusing them is called :

(A) Cyber trespass

(B) Cyber vandalism

(C) Cyber theft

(D) None of the above

139. डाटा को चुराने या दुरुपयोग करने के बजाय उसे नुकसान पहुँचाना या नष्ट करना कहलाता है :

(A) साइबर अतिचार

(B) साइबर बर्बरता

(C) साइबर चोरी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

140. The term 'Cyberspace' was first used by :

(A) Anthony Giddens

(B) Karl Marx

(C) William Gibson

(D) David Harvey

140. 'साइबरस्पेस' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसके द्वारा किया गया था ?

(A) एंथनी गिडेंस

(B) कार्ल मार्क्स

(C) विलियम गिबसन

(D) डेविड हार्वे

141. According to Baudrillard signs in human culture have passed through how many main stages ?

(A) 08 (B) 04

(C) 01 (D) 12

141. बॉड्रिलार्ड के अनुसार मानव संस्कृति में संकेत कितने मुख्य स्तरों से पारित हुए हैं ?

(A) 08 (B) 04

(C) 01 (D) 12

142. "Religion refers to a set of ideas and beliefs about supernatural and its impact on the lives of human beings." This statement regarding relationship between religion and economy is given by which of the following ?

(A) Dr. Radhakrishnan

(B) Max Weber

(C) Sir James Frazer

(D) None of the above

143. "Religion is the belief in Spiritual Beings." Above definition of religion is given by whom of the following ?

(A) James Frazer

(B) C.H. Cooley

(C) Edward B. Tylor

(D) Indradev

144. "Culture is the man-made part of Environment." This statement regarding culture and environment is given by :

(A) Hobel (B) Ogburn

(C) Malinowski (D) Herskovits

142. ''धर्म विचारों का एक समूह है एवं अलौकिक शक्ति में विश्वास है जिसका प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है ।'' धर्म और अर्थव्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से यह कथन किसका है ?

(A) डॉ. राधाकृष्णन

(B) मैक्स वेबर

(C) सर जेम्स फ्रेजर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

143. ''धर्म आध्यात्मिक शक्ति पर विश्वास है ।'' धर्म की उपर्युक्त परिभाषा निम्नलिखित में से किसके द्वारा दी गई है ?

(A) जेम्स फ्रेजर

(B) सी.एच. कूले

(C) एडवर्ड बी. टॉयलर

(D) इन्द्रदेव

144. ''संस्कृति पर्यावरण का मानव निर्मित भाग है।'' संस्कृति एवं पर्यावरण के संबंध में उपर्युक्त कथन किसके द्वारा दिया गया ?

(A) हॉबेल (B) ऑगबर्न

(C) मेलिनोवस्की (D) हर्सकोविट्स

145. "The methods used to get approval/ affiliation of society is/are customs."

This statement is given by which of the following ?

(A) Reuter and Hart

(B) Smt. Sherif

(C) MacIver and Page

(D) Baccon

146. Whom of the following social reformers promoted women education to eradicate gender inequality ?

(A) Raja Ram Mohan Roy

(B) Ishwar Chandra Vidyasagar

(C) Swami Haridas

(D) Swami Dayananda Saraswati

147. In which year was National Women Commission established in India ?

(A) 1956 (B) 1975

(C) 1985 (D) 1992

145. "समाज से मान्यता प्राप्त कार्य करने की विधियाँ ही समाज की प्रथाएँ हैं ।"

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किसका है ?

(A) र्‌यूटर व हार्ट

(B) श्रीमती शैरिफ

(C) मैकाइवर व पेज

(D) बैकन

146. निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने लैंगिक विषमता को दूर करने के लिए स्त्री शिक्षा के प्रसार के प्रयत्न किए ?

(A) राजा राममोहन रॉय

(B) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

(C) स्वामी हरिदास

(D) स्वामी दयानन्द सरस्वती

147. भारत में राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना किस वर्ष में की गई ?

(A) 1956 (B) 1975

(C) 1985 (D) 1992

148. Which of the following is a cause of communalism ?

(A) Communal organizations

(B) Vested interest of Antisocial elements

(C) Cultural differences

(D) All of the above

148. निम्नलिखित में से कौनसा साम्प्रदायिकता का कारण है ?

(A) साम्प्रदायिक संगठन

(B) अराजक तत्वों के स्वार्थ

(C) सांस्कृतिक भिन्नता

(D) उपर्युक्त सभी

149. Which of the following importance of Dharma is helpful in Indian life ?

(A) Helpful in social organization

(B) Helpful in personality development

(C) Means of informal social control

(D) All of the above

149. निम्नलिखित में से कौनसा धर्म का महत्त्व भारतीय जीवन में सहायक है ?

(A) सामाजिक संगठन में सहायक

(B) व्यक्तित्व विकास में सहायक

(C) अनौपचारिक सामाजिक नियंत्रण का साधन

(D) उपर्युक्त सभी

150. The National Programme for Development of Slums started in which year ?

(A) 1955 (B) 1976

(C) 1985 (D) 1996

150. झुग्गी-झोंपड़ी के विकास का राष्ट्रीय कार्यक्रम किस वर्ष में प्रारम्भ किया गया ?

(A) 1955 (B) 1976

(C) 1985 (D) 1996

## रफ़ कार्य के लिए जगह

## (SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in